वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-55 सागवाड़ा, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

विधा निकेतन गैजी की प्रबंध समिति की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण और स्वागत परिचय हुआ

झौथरी। विधा निकेतन प्राथमिक विद्यालय गैजी की स्थानीय प्रबंध समिति की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण एवं स्वागत परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सचिव शांतिलाल पाटीदार, मुख्य अतिथि भंवरलाल कटारा एवं विशिष्ट अतिथि रमेशचंद्र पाटीदार के सानिध्य मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे नवीन सचिव भरतलाल/ थोबजी पाटीदार, सहसचिव भरतजी/ गोविंदजी,कोषाध्यक्ष कमलाशंकर कटारा, जिला आमंत्रित सदस्य रामलाल पाटीदार, संरक्षक रमनलालभोई , सदस्य चेतनलाल रावल, मगनलाल यादव, कन्हैयालाल पंचाल, अनिल मेहता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अरविन्द पंड्या ने किया उक्त जानकारी विद्यालय प्रभारी गौतमलाल खराड़ी ने दी।

पर्स को लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय

गामड़ी अहाड़ा। डूंगरपुर जिला परिषद सदस्य के पुत्र ने सड़क पर मिले पैसे से भरे पर्स लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार आशीष कलासुआ निवासी जालुकुआं से अपने घर आ रहा था। रास्ते में एक सड़क पर पर्स गिरा मिला जिस पर उसे घर लाकर खोला और देखा तो अंदर दस हजार रुपये थे।

जिसकी जानकारी जुटाने पर पता चला कि विधवा हुरज पत्नी हवजी निवासी कापडवेल का पर्स था, जो सड़क पर गिर गया था। जिस पर आशीष की मां और प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव तथा जिला परिषद सदस्य रेखा कलासुआ दोनो जाकर विधवा हुरज के घर पहुंचे और पैसे सहित पर्स लौटा दिया।

चौरासी विधायक राजकुमार ने किया केजीबीवी पीठ विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

सीमलवाड़ा। चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल पीठ का आकस्मिक निरीक्षण कर बालिकाओं से संवाद किया। विद्यालय एवं आवासीय हॉस्टल में चलने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बालिकाओं से जानकारी ली । उन्हें संबोधित करते हुए रोत ने कहा कि कोराना के कारण 2 वर्ष तक शिक्षा में जो रुकावट आई है उसे पूर्ण कर विद्यार्थियों को अपनी आधारशिला एवं नीव मजबूत करनी है ताकि भविष्य में कहीं कोई दिक्कत नहीं आए विद्यार्थियों को उच्च पदों पर जाने हेतु आज से ही मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया।

बालिकाओं की ओर से अर्चना डामोर ,मनीषा रोत, अहिल्या रोत, जया बरंडा,

खुशी रोत ने हॉस्टल में संचालित विभिन्न गतिविधियों संबंधी जानकारी देते हुए विधायक को बताया कि केजीबीवी के पास में स्थित भूमि पर जहां पुलिस चौकी प्रस्तावित की जा रही है उसे रोककर बालिकाओं हेतु खेल मैदान का आवंटन किया जाए ताकि बालिकाओं का सर्वांगीण विकास हो सके। बालिकाओं की संख्या के अनुपात में भवन में आवासीय कक्ष को बढ़ाने की मांग भी की गई। बालिकाओं के साथ कई अभिभावकों ने भी इस बात का समर्थन किया की विद्यालय को खेल मैदान का आवंटन किया जाए। विधायक रोत ने केजीबीबी भवन की सफाई रंग रोगन एवं भोजन व्यवस्था के प्रति हर्ष व्यक्त किया एवं शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाने की बात की ।

इस अवसर पर सीबीईओ सीमलवाड़ा लक्ष्मण लाल डामोर, एसीबीईओ धनपाल भोई, पीईईओ दिनेश सिंघवी, प्रधानाध्यापिका वर्षा बारिया, वार्डन रेणुका रोत, गंगा कोटेड ,अजीत जैन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधि की ओर से जिला परिषद सदस्य सलीम सुई ,पंचायत समिति सदस्य सुषमा खराड़ी, दिनेश रोत सहित कई अभिभावकों ने उपस्थित रहकर बालिकाओं की समस्याओं का समाधान करने हेतु निवेदन किया।

टोकवासा में पकड़ी बंदूके बनाने की अवैध फैक्ट्री

2 टोपीदार बंदूके, 8 पाइप नाल, 5 छाप समेत कई औजार जब्त, लूहारी काम की आड़ में 5 साल से चला रहा था कारखाना

आसपुर। आसपुर थाना क्षेत्र के टोकवासा गांव के जहां रिहायशी घर के पास छोटा सा कमरा बनाकर लूहारी काम और लाइसेंसी बंदूके रिपेयर करने की आड़ में 5 सालो से अवैध टोपीदार बंदूके बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस ने इस फैक्ट्री से 2 तैयार टोपीदार बंदूकों के साथ कई औजार बरामद किए है, जिनसे बंदूके बनाई जा रही थी। इन बंदूकों को 10 से 15 हजार रुपये में बेचता था। फिलहाल पुलिस मामले में ओर भी जांच कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया की आसपुर थाना क्षेत्र के टोकवासा गांव में अवैध टोपीदार बंदूक बनाने के कारखाने पर कार्रवाई की है। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना पर डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह, राजगोपाल, पंकज, साइबर सेल के अभिषेक व जोगेन्द्रसिंह की टीम ने टोकवासा गांव में कार्रवाई को अंजाम दिया। गौतमलाल पुत्र लालजी पंचाल के रिहायशी घर के पास ही एक छोटा का

10 बाई 10 का एक कमरा बनाकर रखा था। इसी कमरे में गौतमलाल अवैध बंदूके बनाने की फैक्ट्री चलाता था। पुलिस की दबिश के दौरान गौतमलाल कमरे में बंदूक बना रहा था और पुलिस को देखते ही होश उड़ गए।

पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, जिसमें कमरे से 2 तैयार टोपीदार बंदूके, 8 पाइप नाल, 3 तैयार नाल, 5 छाप, कड़िया, गोज, लकड़ी के कुंदे 2 और बंदूक बनाने के अन्य औजार बरामद किए है। गांव में एक छोटे से कमरे में अवैध बंदूके बनाने के कारखाने को देखकर एक बार पुलिस भी चोंक गई। इसके बाद आसपुर थाने से एसआई किशोरसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे। आसपुर पुलिस ने अवैध बंदूकों व अन्य औजार के साथ आरोपी गौतमलाल पंचाल को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी गौतमलाल पंचाल (42 वर्ष) लूहारी का काम करता था। वही लाइसेंसी बंदूके अवैध तरीके से रिपेयर करने का काम भी करता था। आरोपी के पास किसी तरह का कोई लाइसेंस नहीं था। लेकिन बंदूके रिपेयर करवाने लोग उसके पास आते। इस दौरान उसने अवैध बंदूके बनाने का काम भी शुरू कर दिया, जो लोग उसके पास लाइसेंसी बंदूक ठीक करवाने आते उन्ही को वह नई बंदूक बेचने की बात करता। इसके बाद कई लोग उससे बंदूके खरीदते थे। पिछले 5 सालों से आरोपी टोपीदार बंदूके बेचने का काम करता था जो 10 से 15 हजार रुपये में लोगो को बेचता था।

आरोपी बंदूक बनाने के लिए कच्चा माल उदयपुर व अहमदाबाद से लाता था। नाल, छाप ओर अन्य चीजे लेकर आता और फिर लूहारी काम का जानकार होने से वह उससे बंदूक बना देता था, जिससे आरोपी ने पिछले पांच सालों में अच्छी मोटी कमाई भी की है। अवैध बंदूके बनाने का काम शुरू करने के बाद ही आरोपी ने गांव में सबसे बड़ा रिहायशी मकान भी बनाया और घर के पास ही एक कमरे में बंदूके बनाने का कारखाना चलाता।

कार से 24 कार्टन शराब बरामद

नाकाबंदी तोडकर भाग रही कार को 2 किमी. पीछा कर पकड़ा

झौथरी । डूंगरपुर जिले की चौरासी थाना पुलिस ने शराब से भरी एक कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार से 24 कार्टन शराब बरामद की है। चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की पुलिस की ओर से वेंजा चोकी के सामाने नाकेबंदी की हुई थी। इस दौरान एक कार को रुकने का ईशारा किया था कार सवार नाकेबंदी तोड़कर फरार हो गया जिसका पुलिस ने पीछा किया और गोरादा मोड़ के पास पुलिस ने कार को रुकवाकर चालक को हिरासत में लिया और कार की तलाशी ली तो कार में शराब के कार्टन भरे हुए थे।

जिस पर पुलिस ने कार से 24 कार्टन शराब बरामद करते हुए गुजरात निवासी रितेश पटेल चालक को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

शहरी की दिवारों की बढ़ी रौनक... नगर पालिका सागवाड़ा की ओर से शहर की दीवारों पर की जारी रंगीन पेंटिंग्स से न सिर्फ दिवारों की रौनक बढ़ी है बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ गई है। इन दिनों राजकीय महिपाल उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा की दिवारों पर चित्रकारी की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर की सार्वजनिक जगहों पर पेंटिंग बनाई जा रही है। बारिश की वजह से यह कार्य रूक गया था। महिपाल उच्च माध्यमिक विद्यालय की दीवारों पर स्वच्छता संदेश, स्वतंत्रता सेनानी, महापुरुष , मेरा देश महान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सेव वाटर एवं ज्ञानवर्धक विचारों को दिवारों पर लिखवाए गए ।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, माता पिता घायल

रामगढ़ की तरफ खरीदारी करने जा रहा थे, गणेशपुर के पास हुआ हादसा

डूंगरपुर। जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दोनों बाइकों पर सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले के अनुसार टाटिया गांव निवासी भूपेश पाटीदार अपने पिता और मां के साथ बाइक पर सवार होकर रामगढ़ की तरफ खरीदारी करने जा रहा था। इसी दौरान गणेशपुर के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में भूपेश और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं भूपेश के पिता और अन्य बाइक सवार युवक को मामूली चोटें आई। सूचना मिलने पर दौवड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान भूपेश पाटीदार की मौत हो गई, वही भूपेश की मां की स्थिति गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए उदयपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मृतक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है वही मामले की जांच शुरू कर दी है।

पोहरी पटेलान में 65 वीं जिला स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता 24 से

झौथरी। झौथरी ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पोहरी पटेलान में 65 वीं जिला स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता छात्र / छात्रा वर्ग 17-19 वर्ष का आयोजन 21 से 24 अक्टूबर 2021को होगा। आयोजक कार्यवाहक संस्था प्रधान महेंद्र कुमार डामोर ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 अक्टूबर 2021 को प्रात: 9 बजे बतोर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व एआईसीसी ताराचंद भगोरा करेंगें।

शुभारंभ समारोह के अध्यक्ष चौरासी विधायक राजकुमार रोत , विशिष्ट अतिथि झौथरी प्रधान अनिता रोत एंव अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी , पूर्व प्रधान मंजुला रोत , उप प्रधान झौथरी तारा सरपोटा , प्रदेश संयोजक बीपीवीएम पोपटलाल खोखरीया होगें।

शिक्षा जागरूकता के लिए सिद्धि विनायक एजुकेशन का रथ रवाना

डूंगरपुर।

जनजाति क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से सिद्धि विनायक एजुकेशन संस्थान डूंगरपुर की ओर से शैक्षिक जागरूकता रथ मंगलवार को एसबीपी कॉलेज ग्राउंड से रवाना किया गया है। रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ कोरोना गाइड लाइन का पालन करने का संदेश भी दिया जा रहा है। सिद्धि विनायक एजुकेशन के सचिव शमा भाटिया ने बताया कि संस्थान पिछले 10 सालों से जनजाति क्षेत्र में शैक्षिक उन्नयन को लेकर प्रयासरत है। संस्थान की ओर से राज्य व केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से एसटीसी, बीएड व एएनएम के कोर्स करवाएं जा रहे है। इससे जनजाति क्षेत्र के युवा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे है।

जुड़वां बेटियों को जन्म देकर चल बसी मां

सीमलवाड़ा। दो जुड़वा बच्चियों को जन्म देने के बाद प्रसूता मां की मौत हो गई धंबोला थाना क्षेत्र के गड़ा पट्टा पीठ सरपंच पोपटलाल खराड़ी ने बताया कि गांव की ही गायत्री पत्नी प्रकाश कटारा जिसको प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया था। रविवार रात तीन बजे महिला ने दो बच्चियों को जन्म दिया। जिसके बाद प्रसूता की ब्लडिंग नहीं रुकने पर डॉक्टर ने काफी प्रयास किया घंटे भर बाद प्रसूता को उदयपुर के लिए रेफर किया परिजन उसे उदयपुर ले जाते उससे पहले ही अस्पताल में ही उसकी मौत हो गई।

धंबोला पुलिस ने बांसिया में तलवार लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया

सीमलवाड़ा। धंबोला पुलिस ने बांसिया में कल्लाजी मंदिर के पास बेडसा मोड़ पर एक युवक द्वारा हाथों में तलवार लेकर घूमने की सूचना पर कार्रवाई की है। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि एसपी सुधीर जोशी द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देशित किया गया है। उसी कड़ी में टीम में हैड कांस्टेबल लालशंकर , जीतमल व वासुदेव ने सूचना पर पियोला बेडसा निवासी मगन लाल डामोर पुत्र विश्राम डामोर को गिरफ्तार किया। मगन लाल डामोर के खिलाफ पूर्व में बाइक चारी का भी मामला दर्ज है।

टीएसपी से नॉन टीएसपी क्षेत्र में समायोजन और 6डी सेटअप परिवर्तन को बंद करने समेत 7 मांगे रखी

उदयपुर दौरे पर शिक्षा मंत्री डोटासरा, शिक्षक पदाधिकारियों ने की मुलाकात

उदयपुर। राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ के पदाधिका?रियों ने मंगलवार को शिक्षामंत्री गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने बताया कि टीएसपी में कार्यरत शिक्षकों को नॉन टीएसपी क्षेत्र के उनके गृह जिले में समायोजन की प्रमुख मांग को लेकर शिक्षामंत्री को बताया तो उन्होंने भी उसी जिले या संभाग के आस-पास के जिले में समयोजन करने के बाद आने वाले दिनों में गृह जिले में स्थानान्तरित करने की हामी भरी। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर भी उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थानान्तरण नीति बन गई है, ऐसे में जल्द ही सीएम द्वारा स्वीकृत करने पर लिस्टे जारी हो जाएगी। चौहान ने बताया कि संघ की ओर से दिए 7 सूत्रीय मांगपत्र पर मंत्री ने सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु 6डी सैट अप परिवर्तन को बंद करने तथा माध्यमिक सेटअप में सीधी करने पर भी विभागीय स्तर पर इसी जांच कर समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उदयपुर संभाग की विज्ञान और गणित की सत्र 2020-21 की डीपीसी से पदोन्नति की माननीय उच्च न्यायालय से रोक हटवाने, विशेष शिक्षकों व शारीरिक शिक्षकों की डीपीसी जल्दी करवाने पर भी उन्होंने सहमति प्रदान की।

क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार कार्य करने से ही जीवन में संतुष्टि मिलती:आचार्य अनुभव सागर

योगीन्द्रगिरी पर सिद्धचक्र महामंडल विधान

सागवाड़ा। दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ योगीन्द्रगिरी पर सकल दशा हुमड दिगंबर जैन समाज के संयोजन तथा यजमान भूरीदेवा रतनलाल खोडनिया परिवार की ओर से प्रखरवक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित हो रहे आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान मे मंगलवार को नित्य पूजा अर्चना अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान हुए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य अनुभव सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचनो में कहा है कि संसार के समस्त प्राणियों को जीवन का गुजारा और विकास करने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है जबकि पृथ्वी,जल,अग्नि,वायु और वनस्पतियों को कभी स्वयं को नहीं चलना पड़ता फिर भी अदृश्य गतिमान रहकर प्रभावित करते हुए अपने स्वभाव के अनुरूप परिणाम प्रदान करते हैं जबकि मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के स्वभाव में इच्छाओं का कभी कोई अंत नहीं होता है।इसी कारण कर्म एवं काल के अनुसार अनुकूल तथा प्रतिकूल परिस्थितियो को उन्हें झेलना पड़ता है।उन्होंने कहा कि पंछी की चाहत है रहने को घर मिले और इंसान की ख्वाहिशें हैं कि उड़ने को पर मिले।यह बड़ी ही विडम्बना है कि पंछी को घर और घर वालों को पंख चाहिए।वास्तव मे किसी तत्व पर नहीं बल्कि वक्त पर ध्यान देने की आवश्यकता है और क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुसार कार्य करने से ही जीवन में संतुष्टि को प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि संसार मे अनंत प्राणी है लेकिन मानव पर्याय जीवन निश्चित तौर पर सौभाग्य और पुर्ण्योदय से ही मिला है।मनुष्यत्व को समझकर आत्मा का कल्याण श्रेष्ठ कर्म और धर्म के मार्ग पर चलकर ही किया जा सकता है। दीप प्रज्वलन राकेश पंचोली परिवार भीलवाड़ा द्धारा किया गया।आचार्य के पाद प्रक्षालन का लाभ विवेक दीलीप शाह परिवार आंतरी तथा गुरूदेव को जिनवाणी शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य गेंदालाल केशवलाल शाह परिवार बांसवाड़ा ने प्राप्त किया गया। मंगलाचरण रमेश चन्द्र शर्मा ने प्रस्तुत किया गया तथा धर्मसभा का संचालन राजेन्द्र पंचोरी ने किया।सिद्धचक्र महामंडल विधान में खेड़ूवा ब्राह्मण समाज, फ्लावर किड्स प्रबंध संस्थान तथा दशा हुमड युवा संघ के पदाधिकारी,भावसार समाज, ब्राह्मण समाज गामठवाडा सहित नगर के प्रतिष्ठित पं.जयदेव शुक्ला,सुरेंद्र जैन सूरत एवं दिगंबर जैन समाज के पंच महानुभाव सरेड़ी बड़ी ने भाग लेकर आचार्य अनुभव सागर महाराज को श्रीफल समर्पित करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया।